तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि

मध्यांचल भूमि

रायपुर, सोमवार 5 अक्टूबर 2026

10 महिलाओं को मिला गोबर से दीये व हवन केक ...



12 आकार ले रहीं मां दुर्गा की प्रतिमाएं...



हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
मास्टर कूपन
05 अक्टूबर 2026
कूपन नं.
7

खबर संक्षेप

छेरकापुर मे सेवा सेतु शिविर आज

पलारी। सेवा संकलaप अभियान अंतर्गत सोमवार 5 अक्टूबर को विकासखंड पलारी अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल मैदान छेरकापुर मे सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर प्रातः 10 बजे से प्रारम्भ होग़ा। शिविर मे सभी विभागों के स्टॉल लगाए जाएंगे औऱ जिला अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। आवेदन लेने के लिए काउंटर की भी सुविधा होगी। इसके साथ ही विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा। शिविर मे स्वास्थ्य विभाग द्वारा मेगा हेल्थ कैम्प भी लगाया जाएगा जिसमें पैथोलॉजी जांच, सामान्य चिकित्सकीय जांच, स्त्री रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग,अस्थि रोग विशेषज्ञ,एचपीव्ही टीकाकरण, आयुष्मान कार्ड, दवा वितरण आदि की सुविधा मिलेगी। जिला प्रशासन द्वारा अपील की गई है कि अधिक से अधिक संख्या मे शामिल होकर शिविर का लाभ उठायें।

तिल्दा-नेवरा में सेवा सेतु शिविर 7 अक्टूबर को



तिल्दा-नेवरा। सरकारी योजनाओं और विभिन्न नागरिक सेवाओं का लाभ लेने के लिए अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर लगाने वाले लोगों के लिए राहत की खबर है। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 7 अक्टूबर को नेवरा में सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में नागरिकों को कई महत्वपूर्ण सरकारी सेवाओं से जुड़ी सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। शिविर का आयोजन शासकीय बद्रीनारायण बागड़िया उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, नेवरा में दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा। आयोजन के माध्यम से आम नागरिकों के दस्तावेज संबंधी कार्य, प्रमाण पत्र, योजनाओं से जुड़ी प्रक्रियाएं और अन्य आवश्यक सेवाओं को सुविधाजनक तरीके से उपलब्ध कराने की पहल की गई है।

मां आदिशक्ति रास गरबा महोत्सव 18 से

बलौदाबाजार। मां आदिशक्ति रास गरबा ग्रुप द्वारा शहर में तीन दिवसीय गरबा महोत्सव का आयोजन 18 से 20 अक्टूबर तक हाई स्कूल मैदान में किया जाएगा। आयोजन की तैयारी के तहत नयनदास भवन में 1 से 16 अक्टूबर तक गरबा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। करीब 25 प्रशिक्षक प्रतिभागियों को गरबा के विभिन्न स्टेप्स सिखा रहे हैं। मुख्य आयोजक अर्चना रूपेश सिंह ठाकुर एवं सुधा सोनी हैं। आयोजन के माध्यम से भारतीय संस्कृति व परंपरा के साथ नशामुक्त बलौदाबाजार, पर्यावरण संरक्षण एवं जल संरक्षण का संदेश दिया जाएगा। समिति ने नागरिकों, व्यवसायियों और सामाजिक संस्थाओं से आयोजन में सहयोग की अपील की है।



अस्थायी गौठान का अज्ञात ने ताला तोड़, 250 मवेशी छोड़े, मशक्कत के बाद दोबारा बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

कृषि उपज मंडी परिसर में बनाए गए अस्थायी गौठान में रखे गए मवेशियों को अज्ञात व्यक्ति द्वारा बीते रात ताला तोड़कर बाहर निकाल दिए जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद मवेशियों के खेतों में पहुंचने से फसलों को नुकसान की आशंका को लेकर किसानों में चिंता बढ़ गई। वहीं जानकारी मिलने के बाद पार्षद लेखु वर्मा, नारायण धीवर सफाई दरोगा महेंद्र वर्मा सहित नगर पंचायत के कर्मचारी व किसानों द्वारा 250 मवेशियों को दोबारा गौठान में पहुंचाने घेराबंदी प्रारंभ की तथा भारी मशक्कत के बाद देर शाम तक एक एक मवेशियों को गोठान वापस लाया गया जिससे किसानों ने भी राहत की सांस ली अन्यथा पकी पकाई फसल को मवेशी चट कर जाते जिससे किसानों की मेहनत पर पानी फिर जाता। नगर पंचायत से मिली जानकारी के अनुसार, अस्थायी गौठान के गेट का ताला तोड़कर अज्ञात व्यक्ति ने वहां रखे मवेशियों को बाहर निकाल दिया गया इसके बाद मवेशियों के खुले में घूमने और खेतों में पहुंचने की संभावना को देखते हुए नगर पंचायत ने तत्काल किसानों से सतर्क रहने की अपील की।नगर पंचायत ने किसानों से अपने-अपने खेतों की निगरानी करने तथा खेतों में मवेशी पाए जाने पर उन्हें सुरक्षित रूप से अस्थायी गोठान तक पहुंचाने में सहयोग करने की अपील की है। साथ ही पशुपालकों से अपने मवेशियों पर नजर रखने का आग्रह किया गया है।

नगर पंचायत टीम और किसानों ने दौड़ - भागकर दोबारा गौठान में किया बंद





थाने में दी गई सूचना, पुलिस जांच में जुटी

घटना की जानकारी पलारी थाना में भी दी गई है, ताकि गौठान का ताला तोड़कर मवेशियों को बाहर निकालने की घटना की जानकारी पुलिस को हो और आवश्यक कार्रवाई की जा सके। नगर पंचायत की ओर से मामले में अज्ञात व्यक्ति के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू ने कहा कि गौठान का ताला तोड़कर मवेशियों को बाहर निकालने की घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। किसानों की फसल और मवेशियों की सुरक्षा सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है, उन्होंने किसानों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि सभी मिलकर फसलों और मवेशियों की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

सौगात : बृजमोहन अग्रवाल ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

32 लाख के विकास कार्यों की घोषणा 20 पंचायतों को भी मिलेगी विकास निधि

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

ग्राम पंचायत बोडतरा में शनिवार को सेवा संकल्प अभियान के तहत सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता शिवरतन शर्मा शामिल हुए। दोनों नेताओं ने राजस्व, पंचायत, खाद्य, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, श्रम विभाग सहित विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का बारी-बारी से निरीक्षण किया और विभागीय अधिकारियों से योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान बृजमोहन अग्रवाल एवं शिवरतन शर्मा ने आमजनों से सीधा संवाद स्थापित किया। ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं जैसे राशन कार्ड में नाम जोड़ना, आवास, पेंशन, आयुष्मान कार्ड एवं स्वामित्व योजना से संबंधित अपनी बात रखी, जिस पर दोनों नेताओं ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।



अंतिम पात्र व्यक्ति तक पहुंचेगा योजनाओं का लाभ : शिवरतन शर्मा

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का मूल मंत्र ही सेवा, समर्पण और संकल्प है। उन्होंने कहा सेवा सेतु शिविर केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं है, यह शासन और जनता के बीच एक सेतु है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी और प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सुशासन वाली सरकार का उद्देश्य है कि हर योजना का लाभ अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। वहीं कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा ने कहा कि भाटापारा विधानसभा के प्रत्येक गांव में सेवा सेतु शिविर के माध्यम से लोगों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। उन्होंने कहा हमारा लक्ष्य है कि भाटापारा का कोई भी पात्र व्यक्ति शासन की योजना से वंचित न रहे। चाहे वह आवास योजना हो, आयुष्मान हो हर पात्र को उसका हक मिलना चाहिए। भाजपा कार्यकर्ता के रूप में हम जनता के सेवक हैं और जनता के बीच रहकर उनकी सेवा करना ही हमारा धर्म है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शिविर में आए हर आवेदन को गंभीरता से लें और समय सीमा में उसका निराकरण करें।

ग्राम बोडतरा में सामुदायिक भवन का निर्माण। 20 लाख की लागत से महतारी सदन, 5 लाख से बालिका शौचालय और 7 लाख से अटल डिजिटल सुविधा केंद्र की स्थापना। ब्लॉक के 20 ग्राम पंचायतों को 10-10 लाख रुपये की विकास निधि की घोषणा। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष आनंद यादव, राकेश तिवारी, अश्वनी शर्मा, सुनील यदु, आशीष जायसवाल, सविता अनंत, योगेश अनंत, पवन वर्मा, भोलाराम वर्मा, अदिति बघमार सहित पार्टी के मंडल ⏭ शेष पेज 11 पर

बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश दो गिरफ्तार, एक फरार



हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

थाना कसडोल एवं साइबर सेल की संयुक्त टीम ने अंतरजिला मोटरसाइकिल चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर बलौदाबाजार-भाटापारा, रायपुर, महासमुंद और जांजगीर-चांपा जिले से चोरी की गई कुल 6 दुपहिया वाहन बरामद किए हैं, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 1 लाख 80 हजार रुपये बताई गई है। मामले में एक अन्य आरोपी फरार है, जिसकी तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार ग्राम अर्जुनी निवासी चैतुसिंग पैकरा ने थाना कसडोल में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 19 मार्च 2026 की रात घर के सामने खड़ी उनकी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 04 सी डब्लू 8512 अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। रिपोर्ट पर अपराध दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। विवेचना के दौरान थाना कसडोल पुलिस और साइबर सेल की टीम ने तकनीकी विश्लेषण के साथ मुखबिर तंत्र सक्रिय किया। जांच में मुख्य आरोपी खगेश कुमार निर्मलकर उर्फ चांटी के वारदात के बाद हैदराबाद, तेलंगाना में छिपे होने की जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस टीम ने साइबर सेल की तकनीकी मदद से हैदराबाद पहुंचकर घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार किया।

पूछताछ में खगेश कुमार निर्मलकर उर्फ चांटी ने अपने एक अन्य फरार साथी के साथ मिलकर अलग-अलग स्थानों से मोटरसाइकिल चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने उसके साथी यश कुमार साहू को भी गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक चोरी की गाड़ियों को ⏭ शेष पेज 11 पर

छह स्थानों से चोरी हुई थीं बाइक

आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने कुल 6 चोरी की दुपहिया वाहन बरामद किए। इनमें ग्राम अर्जुनी से काला-लाल डीलक्स, रायपुर के भाटागांव बस स्टैंड से काला रंग की एक्टिवा, पामगढ़ के मेंऊ भांटा से नीले रंग की डीलक्स, गिधौरी बस स्टैंड से काला-बैंगनी स्प्लेंडर, धरसींवां से HF डीलक्स तथा महासमुंद से एक अन्य डीलक्स शामिल है।

रिफॉर्म उत्सव से ग्रामीणों तक पहुंचेगा वाटरशेड विकास सुधार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

भारत सरकार एवं राज्य सरकार की पहल पर वाटरशेड विकास सुधारों को ग्रामीण समुदायों तक पहुंचाने के उद्देश्य से 'रिफॉर्म उत्सव' का आयोजन किया जा रहा है। विकासखंड कसडोल के ग्राम मड़वा स्थित पाठशाला में 15 अक्टूबर को जनजागरूकता कार्यक्रम को जनजागरूकता एवं जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने रैली एवं रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। रिफॉर्म उत्सव का उद्देश्य वाटरशेड विकास से जुड़े सुधारों की जानकारी ग्रामीणों तक पहुंचाना, जनभागीदारी को प्रोत्साहित करना तथा सामुदायिक स्वामित्व को मजबूत करना है। कार्यक्रम आयोजित होगा। इस दौरान मृदा एवं ⏭ शेष पेज 11 पर

- 15 अक्टूबर को मड़वा में जनजागरूकता कार्यक्रम, रैली व रंगोली प्रतियोगिता होगी

कमर्शियल यूनिवर्सिटी मोटियारीडीह चोरी मामले में 2 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ हथबंद

बलौदाबाजारभाटापारा पुलिस द्वारा जिले में चोरी व नकबजनी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना हथबंद पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए कमर्शियल यूनिवर्सिटी मोटियारीडीह में हुई चोरी के मामले में 02 आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी का शत-प्रतिशत माल बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। प्रार्थी भूपेन्द्र कुमार साहू पिता दशरथ (उम्र 36 वर्ष, निवासी बनसांकरा, थाना सिमगा) द्वारा थाना हथबं में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि कमर्शियल यूनिवर्सिटी मोटियारीडीह के चौकीदार कोमल यदु द्वारा सूचना देने पर जाकर देखा, तो यूनिवर्सिटी भवन का पिछला दरवाजा टूटा हुआ था तथा हॉल में लगे 03 सीलिंग पंखे कीमती 5,000 एवं 01 पुरानी इस्तेमाल की हुई विन्डो कूलर कीमती 2,000 कुल जुमला कीमती 7,000 को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना हथबंद में अपराध क्र. 216/2026 दर्ज कर विवेचना में लिया गया। पुलिस की त्वरित कार्यवाही एवं गिरफ्तारी-प्रकरण की विवेचना के दौरान हथबंद पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम मोटियारीडीह मैदान के पास दो व्यक्ति सीलिंग पंखा और विन्डो कूलर बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने बिना समय गंवाए तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और दो संदेहियों को हिरासत में लिया। थाना लाकर कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपियों ने कमर्शियल यूनिवर्सिटी में चोरी करना स्वीकार किया तथा आरोपी नेतराम कांगड़े के मेमोरेंडम कथन के आधार पर छिपाकर रखा गया चोरी का सारा माल बरामद किया गया।



आरोपियों का कृत्य धारा 331(4), 305(a), 3(5) का घटित होना पाए जाने से आरोपियों को दिनांक 2 अक्टूबर को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश करने की प्रक्रिया की जा रही है।

आरसीसी नाली और पेयजल पाइपलाइन का होगा विस्तार

विकास को मिली रफ्तार, 4.92 करोड़ के कार्यों को मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा-नेवरा

नगर पालिका तिल्दा-नेवरा के विभिन्न वार्डों में सड़क, नाली और पेयजल व्यवस्था को मजबूत करने के लिए करीब 4 करोड़ 92 लाख रुपये के विकास कार्यों को स्वीकृति मिली है। 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत अनटाइड ग्रांट और टाइड ग्रांट से होने वाले इन कार्यों से शहर के कई वार्डों में वर्षों से चली आ रही सड़क, जल निकासी और पेयजल संबंधी समस्याओं के समाधान की उम्मीद जगी है। शासकीय स्वीकृति के अनुसार अनटाइड ग्रांट के तहत 28 विकास कार्यों के लिए कुल 295.07 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है। इनमें विभिन्न वार्डों में सीसी रोड निर्माण के साथ-साथ आरसीसी नाली निर्माण के कार्य शामिल हैं। वहीं टाइड ग्रांट के पेयजल प्रबंधन घटक के तहत 197.08 लाख रुपये की राशि से सरोरा मेन रोड पर 300 एमएम डायमीटर की राइजिंग पाइपलाइन के विस्तार का कार्य कराया जाएगा। स्वीकृत कार्यों में वार्ड क्रमांक 1, 2, 3, 5, 6, 7, 8, 9, 10, 12, 13, 14, 15, 17, 18, 19 और 22 सहित विभिन्न क्षेत्रों में सीसी रोड निर्माण प्रस्तावित है। इसके अलावा कई वार्डों में जल निकासी की समस्या दूर करने के लिए आरसीसी नाली निर्माण भी कराया जाएगा।

दस्तावेज के मुताबिक वार्ड क्रमांक 1 से लेकर 22 तक अलग-अलग स्थानों पर सड़क एवं नाली निर्माण के लिए अलग-अलग राशि स्वीकृत की गई है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इन कार्यों से शहर के अंदरूनी इलाकों में आवागमन और बरसाती पानी की निकासी व्यवस्था में सुधार होने की उम्मीद है।



पेयजल व्यवस्था को मिलेगा बड़ा सहारा

टाइड ग्रांट के तहत 197.08 लाख रुपये की लागत से सरोरा मेन रोड पर 300 एमएम डायमीटर की राइजिंग पाइपलाइन लाइन विस्तार का कार्य किया जाएगा। इससे नगर की पेयजल व्यवस्था को मजबूती मिलने की उम्मीद है। शासकीय पत्र में यह भी स्पष्ट किया गया है कि स्वीकृत कार्यों को निर्धारित प्रक्रिया, तकनीकी एवं प्रशासनिक स्वीकृति तथा शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप कराया जाएगा।

शहर के विकास के लिए अहम स्वीकृति

कुल मिलाकर 295.07 लाख रुपये सड़क-नाली निर्माण तथा 197.08 लाख रुपये पेयजल प्रबंधन पर खर्च होंगे, यानी नगर में 492.15 लाख रुपये (लगभग 4.92 करोड़ रुपये) के विकास कार्यों का रास्ता साफ हुआ है। इन कार्यों के पूरा होने के बाद तिल्दा-नेवरा के कई वार्डों में सड़क, जल निकासी और पेयजल सुविधाओं में प्रत्यक्ष सुधार दिखाई देने की उम्मीद है। बाक्स नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रकला वर्मा ने कहा कि तिल्दा नगर पालिका के सभी वार्डों में प्राथमिकता से कार्य कराए जा रहे हैं, क्षेत्र के विधायक और राजस्व मंत्री के प्रयास से तिल्दा शहर को समस्या मुक्त करने का हमने बीड़ा उठाया है । उसके लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। इन सभी कार्यों के लिए जल्द ही टेंडर बुलाया जाएगा और तेजी से कार्य कराया जाएगा।

आईपीएल की तर्ज पर बुढेरा में होगा जोहार छत्तीसगढ़ कप



हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

ग्राम बुढेरा-खरोरा में बीसीसी बुढेरा खरोरा के तत्वावधान में आईपीएल की तर्ज पर 'जोहार छत्तीसगढ़ कप' क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से करीब 250 खिलाड़ी शामिल होंगे और 14 टीमें खिताब के लिए मैदान में उतरेंगी। बस्तर, भिलाई, आरंग, अभनपुर, बिलासपुर, बलौदाबाजार, लोरमी, बेमेतरा और रायपुर सहित कई क्षेत्रों के खिलाड़ी इसमें हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता से पहले आयोजित खिलाड़ी नीलामी कार्यक्रम भी आकर्षण का केंद्र रहा। आईपीएल शैली में हुई नीलामी में राजा कुर्रे सबसे महंगे खिलाड़ी रहे। इसके अलावा महेश, सौरभ और मुकेश को भी टीमों ने ऊंची बोली लगाकर अपने साथ जोड़ा। प्रतियोगिता में रायपुर के हरिहरन, आरंग के डीजे मंडले, बस्तर के अब्दुल अनस अली, भिलाई के राज, कुमली के हिमांशु साहू व घनश्याम, बिरगांव के राजा कुर्रे, बिलासपुर के ⏭ शेष पेज 11 पर

खबर संक्षेप

शराब बेच रहे व्यक्ति पर कार्रवाई

महासमुंद। बसना पुलिस ने शराब बेच रहे एक व्यक्ति पर कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम लोहड़ीपुर का गनपत यादव ग्राम उडेला दर्रीडबरी के पास में अवैध शराब बिक्री करने के लिए रखा हुआ है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने उक्त व्यक्ति को पकड़ा। जिसने पूछताछ में अपना नाम गनपत यादव पिता स्व जलसिंह यादव (45 वर्ष) लोहडीपुर चौकी भंवरपुर होना बताया। आरोपी के कब्जे से कुल 10 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 2000 रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

मोंगरा में सोलर प्लांट से 35 हजार रुपए का केबल वायर चोरी

महासमुंद। ग्राम मोंगरा के एक राइस मिल लगे सोलर प्लांट से करीब 35 हजार रुपए के केबल वायर चोरी होने के मामले में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध सिटी कोतवाली में जुर्म दर्ज किया गया है। ग्राम मोंगरा स्थित नाकोडा राईस इंडस्ट्रीज के संचालक मनन पींचा 240 किलोवाट का सोलर प्लांट लगाया था। दिनांक 29/09/2026 को रात्रि 08 बजे तक सोलर प्लांट चालू था और दिनांक 30/09/2026 को सुबह 07 बजे उसने जाकर देखा तो सोलर प्लांट का केबल वायर करीबन 600 मीटर कटा हुआ था। किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा राइस मिल परिसर के फेंसिंग घेरा को काटकर सोलर प्लांट में लगे केबल वायर करीब 600 मीटर कीमत करीबन 35000 रुपए की चोरी कर ली। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किय गया है।

गाली गलौज करने से मना करने पर मारपीट

महासमुंद। ग्राम लाफिन खुर्द में मारपीट के मामले में आरोपियों के विरूद्ध सिटी कोतवाली में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को लाफिन खुर्द के थनेश्वर ध्रुव ने बताया कि 03 सितंबर की शाम लगभग 05 बजे व शंकर साहू के ठेला के पास चंपू साहू व लखन साहू के साथ बातचीत कर रहा था। उसी समय मंगल दास व अन्य लोग गाली गलौज कर रहे थे, जिन्हें उन लोगों ने मना किया। तब आरोपियों ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए प्रार्थी के साथ मारपीट कर दी। बीच बचाव करने आए प्रार्थी के बड़े भाई सुरेश कुमार ध्रुव के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की।

घर में शराब का अवैध निर्माण एक व्यक्ति पर कार्रवाई

महासमुंद। घर में शराब का अवैध रूप से निर्माण कर रहे एक व्यक्ति के विरूद्ध पटेवा थाने में अपराध दर्ज किया गया है। आरोपी के कब्जे से 25 लीटर महुआ शराब और निर्माण सामग्री बरामद किया गया है। पटेवा पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम चिरको में एक व्यक्ति अपने घर में अवैध रूप से हाथ भट्ठी महुआ शराब निर्माण कर रहा है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने संदेही से पूछताछ की जिसने अपना नाम रामानंद पटेल पिता ध्रुव कुमार पटेल (44 वर्ष) निवासी ग्राम चिरको होना बताया। घर की तलाशी लेने पर कमरे के अंदर 25 लीटर हाथ भट्ठी निर्मित देशी महुआ शराब कीमत 5000 रुपए और दो नग महुआ शराब बनाने की एल्युमीनियम गंज कीमत करीबन 1200 रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा-34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

निधन

रामगोपाल बांधें

बलौदाबाजार। डोटोपार निवासी



रामगोपाल बांधें उम्र (25) वर्ष का 3 अक्टूबर को निधन हो गया था, जिसका अंतिम संस्कार 4 अक्टूबर रविवार को ग्राम डोटोपार स्थित मुक्तिधाम में किया गया । वे चंद्रराम बांधे के पुत्र व उमेश बांधे के छोटे भाई व शंकर बांधें के बड़े भाई थे।

बरसात के बाद सड़क-पुल निर्माण में आएगी तेजी, 672 करोड़ के 24 कार्यों की निविदा मंजूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बरसात खत्म होने के बाद प्रदेश में सड़क और पुल निर्माण के कामों में तेजी आने वाली है। राज्य शासन ने लोक निर्माण विभाग के 24 महत्वपूर्ण कार्यों के लिए 672 करोड़ 22 लाख 30 हजार रुपए की निविदाओं को मंजूरी दी है। इनमें नई सड़कों के निर्माण के साथ मौजूदा मार्गों के उन्नयन, चौड़ीकरण और मजबूतीकरण के कार्य शामिल हैं। विभाग ने संबंधित अधिकारियों को चयनित ठेकेदारों एवं निर्माण एजेंसियों को जल्द कार्यादेश जारी कर निर्माण शुरू कराने के निर्देश दिए हैं। स्वीकृत कार्यों में सात नई सड़कें, दो पुल एवं पहुंच मार्ग, तीन सड़क उन्नयन और 12 चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण के कार्य हैं। परियोजनाएं दुर्ग, धमतरी, राजनांदगांव, बिलासपुर, महासमुंद, बलरामपुर-रामानुजगंज, रायगढ़, रायपुर, कांकेर, बेमेतरा, दुर्ग और सरगुजा सहित विभिन्न जिलों में प्रस्तावित हैं।

कांकेर-भानुप्रतापपुर मार्ग होगा मजबूत

सबसे अधिक लागत वाले कार्यों में कांकेर-भानुप्रतापपुर-संबलपुर राज्य मार्ग के 36.80 किलोमीटर हिस्से का पुल-पुलियों सहित चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण शामिल है। इसके लिए 85 करोड़ 83 लाख 4 हजार रुपए की निविदा मंजूर हुई है। महासमुंद में बिहाझर-गांजर-रेवा मार्ग के 25.90 किलोमीटर हिस्से के लिए 59 करोड़ 89 लाख 21 हजार रुपए तथा रायगढ़ में रायगढ़-लोइंग-महापल्ली मार्ग के पांच किलोमीटर फोरलेन चौड़ीकरण एवं विद्युतीकरण के लिए 59 करोड़ 49 लाख 4 हजार रुपए स्वीकृत किए गए हैं।

सात नई सड़कें, दो पुल एवं पहुंच मार्ग तीन सड़क उन्नयन और 12 चौड़ीकरण



रायगढ़ में फोरलेन और विद्युतीकरण

रायगढ़-कोतरा-नंदेली राज्य मार्ग के पांच किलोमीटर हिस्से के फोरलेन चौड़ीकरण एवं विद्युतीकरण के लिए 47 करोड़ 77 लाख 76 हजार रुपए तथा रायगढ़ जिले में उर्दना-कृष्णापुर-खैरपुर मार्ग के 3.40 किलोमीटर हिस्से के लिए 13 करोड़ 74 लाख 29 हजार रुपए की निविदा मंजूर की गई है।

अरपा और खारुन पर बनेंगे उच्चस्तरीय पुल

बिलासपुर जिले में लोधीपारा (सरकंडा)-कोनी मार्ग पर अरपा नदी में उच्चस्तरीय पुल और पहुंच मार्ग के लिए 17 करोड़ 63 लाख 32 हजार रुपए तथा चोरहादेवरी-परसदा मार्ग पर खारून नदी में पुल के लिए 7 करोड़ 68 लाख 16 हजार रुपए की निविदा मंजूर हुई है। राजनांदगांव के डोंगरगढ़ में पुल-पुलियों सहित आठ किलोमीटर फोरलेन परिक्रमा पथ के लिए 46 करोड़ 22 लाख 8 हजार रुपए स्वीकृत किए गए हैं। धमतरी में आमदी नगर पंचायत के 3.50 किलोमीटर फोरलेन गौरव पथ एवं सौंदर्यीकरण पर 19 करोड़ 26 लाख 10 हजार रुपए खर्च होंगे।

गौ आधारित उत्पाद निर्माण प्रशिक्षण से महिलाओं को स्वरोजगार की दिशा में नई पहल

महिलाओं को मिला गोबर से दीये व हवन केक बनाने का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिरमी रावन

गृहिणी एनजीओ द्वारा ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने एवं घरेलू संसाधनों के माध्यम से आय का अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से गृहिणी समिति महिला सशक्तिकरण केंद्र कुथरौद में दो दिवसीय गौ आधारित उत्पाद निर्माण प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को गोबर से उपयोगी एवं बाजार में मांग वाले उत्पाद तैयार करने की व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना तथा उन्हें स्वरोजगार एवं उद्यमिता के लिए प्रेरित करना था।प्रशिक्षण का शुभारंभ रूपा श्रीवास्तव एवं कंचन पटेल की उपस्थिति में किया गया। प्रशिक्षण में ट्रेनर तोमेश वर्मा एवं मधु वर्मा द्वारा प्रतिभागी महिलाओं को गोबर से विभिन्न उपयोगी एवं सजावटी उत्पाद बनाने की विधि का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के लिए मुख्य रूप से गोबर से सजावटी दीया एवं हवन गोबर केक को उत्पाद के रूप में चयनित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को मोल्ड की सहायता से उत्पाद तैयार करने की विधि, आवश्यक कच्चे माल की जानकारी, उत्पाद निर्माण की प्रक्रिया, कच्चे माल के स्रोत, उत्पाद की पैकिंग, लागत निर्धारण तथा बाजार की संभावनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।





30 स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने लिया भाग

महिलाओं को यह भी बताया गया कि घर में आसानी से उपलब्ध सामग्री का उपयोग करके कम लागत में इन उत्पादों का निर्माण किया जा सकता है और इन्हें घरेलू स्तर पर आय के साधन के रूप में विकसित किया जा सकता है।प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को उद्यमिता विकास के संबंध में भी अभिमुखीकरण प्रदान किया गया। इसमें उत्पाद की गुणवत्ता, आकर्षक पैकेजिंग, लागत एवं मूल्य निर्धारण, ग्राहक की आवश्यकता तथा बाजार से जोड़ने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में आसपास के गांवों की 30 स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं ने स्वयं उत्पाद तैयार करने की प्रक्रिया का अभ्यास किया और उत्पादों के व्यवसायिक उपयोग एवं बिक्री की संभावनाओं को समझा।

धूपबत्ती और मूर्तियां बनाने का भी मिलेगा प्रशिक्षण

प्रशिक्षण के भविष्य की योजना के अंतर्गत महिलाओं द्वारा घरेलू स्तर अथवा समूह स्तर पर उत्पादन शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। तैयार उत्पादों की बिक्री घरेलू बाजार के साथ-साथ संस्थागत स्तर पर भी की जा सकती है। इस प्रकार महिलाएं अपने घर पर उपलब्ध संसाधनों का उपयोग कर कम निवेश में अतिरिक्त आय अर्जित कर सकती हैं। गृहिणी एनजीओ द्वारा भविष्य में भी महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं स्वरोजगार से जोड़ने के लिए इस प्रकार के निःशुल्क कौशल एवं उद्यमिता आधारित प्रशिक्षण आयोजित किए जाएंगे। आगामी प्रशिक्षणों में गौ आधारित उत्पादों के अंतर्गत धूप बत्ती, लक्ष्मी-गणेश/लक्ष्मी-पार्वती की मूर्तियां तथा अन्य उपयोगी एवं सजावटी उत्पादों को भी शामिल किया जाएगा।इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं की पारंपरिक एवं स्थानीय संसाधनों से जुड़ी क्षमता को व्यावसायिक कौशल में परिवर्तित करना, उन्हें संगठित रूप से उत्पादन एवं विपणन से जोड़ना तथा आत्मनिर्भर एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है।

तन और मन स्वच्छ रहेगा तो देश भी रहेगा स्वस्थ : वर्मा





हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के माय भारत व मेरा युवा भारत कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छ भारत दिवस के अवसर पर स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। गांव एवं नगर के चौक चौराहे पर साफ- सफाई कर सकता का संदेश दिया गया।

यह अभियान आई सेक्ट कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र के समीप आयोजित किया जिसमें आईसेक्ट के संचालक जनिका राम वर्मा ने बच्चों को स्वच्छता का संदेश दिया एवं सभी छात्र-छात्राओं को कहा कि हम अपने तन- मन को स्वच्छ रखेंगे तो हमारा भारत देश हमेशा स्वस्थ रहेगा वातावरण शुद्ध एवं पवित्र रहेगा आई सेक्ट के स्टाफ माय भारत के स्वयंसेव छात्र-छात्राओं और स्थानीय युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान युवाओं ने झाड़ू लगाकर साफ-सफाई की, कचरा एकत्र किया और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। परमेश्वर साहू, माय भारत स्वयं सेवक परमेश्वर साहू ने कहा गांधी जयंती के अवसर पर हमने स्वच्छ भारत दिवस के तहत स्वच्छता अभियान चलाया। महात्मा गांधी जी का सपना था स्वच्छ भारत,उसी सपने को पूरा करने के लिए हम सभी युवाओं ने मिलकर इस अभियान में भाग लिया। हमारा उद्देश्य सिर्फ सफाई करना नहीं, बल्कि लोगों को जागरूक करना है कि स्वच्छता ही स्वास्थ्य है। अगर हर युवा अपने गाँव-मोहल्ले को साफ रखने की जिम्मेदारी ले ले, तो पूरा भारत स्वच्छ हो जाएगा।उपस्थित स्वयंसेवकों ने गांधी जयंती पर महात्मा गांधी जी के स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने का संकल्प लिया।

संतोष बने राज मिस्त्री कल्याण संघ के अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

विगत दिनों राज मिस्त्री कल्याण संघ की बैठक नगर पलारी स्थित बालसमुंद में आयोजित की गई। बैठक में संघ की नए पदाधिकारियों का चयन भी किया गया जिसमें सर्वसम्मति से संतोष सरसिंहा को अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके साथ ही पदाधिकारी चुने गए जिनमें संरक्षक भगवानी साहू व साधराम साहू, उपाध्यक्षपरमानंद साहू व दिलीप यादव, सचिव जोईधा वर्मा व श्याम रतन यादव कोषाध्यक्ष, रवि वर्मा सह कोषाध्यक्ष, राजेंद्र कनौजे का मनोनयन किया गया। सभी पदाधिकारियों को संघ के हित में काम करने का संकल्प लिया। वहीं सदस्यगणों में मोहन वर्मा, अशोक वर्मा, धर्मेंद्र बंजारे, नाथूराम साहू, रवि निषाद, शिव वर्मा, राजेंद्र साहू, उदय रजक, मुकेश यादव, राजू वर्मा, पुरन, नानू राज निषाद, कुशल वर्मा, संतोष वर्मा, जीवन डहरिया, कुमार धीवर शामिल है।

सलौनीकला में ब्लॉक स्तरीय सत्संग, बड़ी संख्या में श्रद्धालु हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ के बिलाईगढ़ ब्लॉक के ग्राम सलौनीकला में रविवार, 4 अक्टूबर को चंद्रा भवन में ब्लॉक स्तरीय सत्संग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आसपास के गांवों से श्रद्धालु और ग्रामीण पहुंचे। लोगों ने शांतिपूर्वक सत्संग सुना और आध्यात्मिक विचारों को आत्मसात करने का प्रयास किया। सत्संग के दौरान संत रामपाल जी महाराज के अनुयायियों ने उनके बताए आध्यात्मिक ज्ञान के आधार पर मानव जीवन में अच्छे आचरण और सदाचार के महत्व पर चर्चा की। संत रामपाल जी महाराज के प्रवचनों में कहा कि मनुष्य को अपने जीवन में ईमानदारी का रास्ता अपनाना चाहिए तथा चोरी, बेईमानी और भ्रष्टाचार जैसी प्रवृत्तियों से दूर रहना चाहिए। सत्संग में यह बात भी रखी गई कि व्यक्ति अक्सर परिवार को सुख-सुविधाएं देने और आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए जीवनभर धन अर्जित करता है। लेकिन यदि धन कमाने के लिए गलत रास्ते अपनाए जाएं तो इससे व्यक्ति को मानसिक और सामाजिक परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। सत्संग कार्यक्रम में आध्यात्मिक ज्ञान के साथ-साथ समाज में व्याप्त बुराइयों पर भी चर्चा हुई। संत रामपाल जी महाराज के प्रवचनों में कहा कि सही ज्ञान और अच्छे संस्कारों के अभाव में व्यक्ति कई तरह की समस्याओं में उलझ सकता है। समाज में शांति और आपसी भाईचारा बनाए रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को ईमानदारी, मानवता और सदाचार को अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। सत्संग के दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और बच्चे भी मौजूद रहे। कार्यक्रम स्थल पर श्रद्धालुओं के बैठने की व्यवस्था की गई थी। तस्वीरों में श्रद्धालु सत्संग सुनते हुए दिखाई दे रहे हैं। कार्यक्रम में हीरादास मानिकपुरी, रामखिलावन पटेल, जगदीश साहू, दिलीप सोनवानी, लाल कुमार केंवट, नंदनी कहरा, दिनेश दास, दिलीप निराला, सम्मेलाल जाटवर और चंद्रशेखर साहू सहित क्षेत्र के अन्य सेवादार एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।



अज्ञात वाहन की टक्कर से ट्रक क्षतिग्रस्त, एक व्यक्ति को आई चोट

महासमुंद। सड़क किनारे खड़े एक ट्रक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया, जिससे वाहन क्षतिग्रस्त हो गया और पास में खड़े एक व्यक्ति को चोट आई। पिथौरा पुलिस को विकास कुंटे पीरेवाड़ी अहमदनगर महाराष्ट्र ने बताया कि उसका बड़ा भाई मल्हारी कुंटे अपने ट्रक क्रमांक एमएच 16 सीसी 2754 से संबलपुर ओडिशा से रायपुर आ रहा था। ग्राम सिंघुपाली एनएच 53 रोड में वाहन खराब हो गया, जिसे पीछे से अज्ञात वाहन चालक द्वारा ने ठकर मार दिया। घटना में वाहन को चेक कर रहे उसके भाई को चोटें आई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 281, 125(ए) के तहत अपराध दर्ज किया गया है

कांग्रेस कमेटी की बैठक में संगठन मजबूती पर मंथन



हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

शनिवार को ग्राम गिर्रा में मंडल कांग्रेस कमेटी गिर्रा की मासिक बैठक जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे विशेष उपस्थिति में सम्पन्न हुई। बैठक में कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सक्रिय एवं मजबूत बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान बूथ एवं वार्ड स्तर पर संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी, बूथ कमेटियों के सुदृढ़ीकरण तथा संगठनात्मक गतिविधियों को नियमित रूप से संचालित करने सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। जिलाध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे ने संगठन की मजबूती में बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से आपसी समन्वय के साथ सक्रिय रूप से कार्य करने की बात कही। बैठक रवि बंजारे ब्लॉक अध्यक्ष, प्रवीण कुमार धुरंधर प्रभारी मंडल गिर्रा, भुवनेश्वरी केवट मंडल अध्यक्ष गिर्रा, युवराज चंद्राकर, रघुनंदन वर्मा, रामेश्वर साहू, बलिराम वर्मा, राधेश्याम धीवर, खिलेन्द्र धीवर, योगेश कुमार धीवर, जीवन जोशी, ईश्वर यादव, चेतन कुमार वर्मा, अशोक बांधे, सुखालू राम साहू, मुरली प्रसाद साहू सहित मंडल कांग्रेस कमेटी गिर्रा के पदाधिकारी, बूथ एवं वार्ड स्तर के कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे। सभी ने संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाने को लेकर अपने सुझाव भी दिए।

ई-वाहनों की रफ्तार टॉप गियर में, 60 हजार वाहन बिके

सालभर में प्रदेश में बिके 50 हजार ज्यादा वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

केंद्र सरकार ने बीते साल 22 सितंबर से जीएसटी में बड़ा बदलाव किया था। इसमें वाहनों पर लगने वाली 28 फीसदी जीएसटी को 18 फीसदी कर दिया गया। नई जीएसटी लागू होने के बाद एक साल में प्रदेश में वाहनों की बिक्री की रफ्तार बढ़ी है और जीएसटी के एक साल पूरे होने पर करीब 50 हजार वाहन ज्यादा बिके, जो सात फीसदी का इजाफा है। ई-वाहनों की बिक्री की रफ्तार भी टॉप गियर में रही है। इसमें करीब 28 फीसदी का इजाफा हुआ है और 60 हजार ई-वाहन बिके हैं।

जीएसटी का नया स्लैब लागू होने के बाद जिन भी सामानों में जीएसटी कम हुई है, उसका आम ग्राहकों को फायदा नहीं हुआ है, लेकिन ऑटोमोबाइल सेक्टर में ऐसा नहीं है। इसमें ग्राहकों को भरपूर फायदा हुआ है। ऐसे में वाहनों की बिक्री बीते साल सितंबर से इस साल के सितंबर तक बहुत ज्यादा हुई है। बीते साल त्योहारी सीजन में भी ग्राहकों को बहुत फायदा हुआ। जीएसटी कम होने के कारण वाहन भी ज्यादा बिके हैं।



हर तरह के वाहन ज्यादा बिके

जीएसटी कम होने के कारण बीते साल सितंबर से लेकर इस साल सितंबर तक सभी प्रकार के वाहन ज्यादा बिके हैं। ई-वाहनों की बिक्री में सबसे ज्यादा 28 फीसदी का इजाफा हुआ है।

- विवेक गर्ग,
अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ फाडा

कौन से वाहन कितने बिके

बीते साल के सितंबर से लेकर इस साल के सितंबर तक के एक साल में देखे तो जहां 2024 से 2025 सितंबर तक प्रदेश में 703576 वाहन बिके थे। इसके बाद जीएसटी का नया स्लैब लागू होने के बाद सितंबर 2025 से 2026 तक 752472 वाहन बिके हैं। यानी 48896 वाहन ज्यादा बिके हैं। यह करीब सात फीसदी है। बीते साल दोपहिया वाहन 537428 बिके थे जो बढ़कर 570474 हो गए। इसमें 6.15 फीसदी का इजाफा हुआ। सबसे ज्यादा इजाफा तिपहिया वाहनों में हुआ है। ये बीते साल 14830 बिके थे जो बढ़कर 18015 हो गए। इसमें 21.48 फीसदी का इजाफा हुआ है। जहां तक चारपहिया वाहनों का सवाल है तो ये बीते साल 74352 बिके थे, जो बढ़कर 84195 हो गए। इसमें 13.24 फीसदी का इजाफा हुआ है। कमर्शियल वाहन बीते साल 27206 बिके थे जो बढ़कर 30899 हो गए। इसमें 13.57 फीसदी का इजाफा हुआ है।

ई-वाहनों में 28 फीसदी का इजाफा

सबसे ज्यादा ई-वाहनों की बिक्री में 28 फीसदी का इजाफा हुआ है। बीते साल ये 47682 बिके थे जो इस साल बढ़कर 60901 हो गए। इसमें सबसे ज्यादा 40217 दोपहिया वाहन बिके। इसमें 25 फीसदी का इजाफा हुआ है। इसके बाद 16044 तिपहिया वाहन बिके हैं। इसमें 23 फीसदी का इजाफा हुआ है। जहां तक कारों का सवाल है तो 4288 बिकीं हैं। इसमें 90 फीसदी का इजाफा हुआ है। कमर्शियल वाहन 352 बिके हैं। ये बीते साल महज 75 बिके थे। इसमें 370 फीसदी का इजाफा हुआ है। सभी वाहनों को मिलाकर 28 फीसदी वाहन ज्यादा बिके हैं।

खबर संक्षेप



खरोरा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी को दी श्रद्धांजलि

खरोरा। भारतीय जनता पार्टी खरोरा मंडल द्वारा विधायक जनदर्शन कार्यालय, खरोरा में महात्मा गांधी जी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।उनके महान जीवन, आदर्शों और राष्ट्र के प्रति अतुलनीय योगदान पर प्रकाश डाला गया। बापू और शास्त्री जी के मूल्यों को अपनाकर हम सब मिलकर मजबूत भारत का निर्माण करें। जिसमे प्रमुख रूप से वरिष्ठ कार्यकर्ता रोशन चन्द्रकार, महामंत्री घनश्याम चंद्राकर, उपाध्यक्ष सुमीत सेन, पूर्व अध्यक्ष अनिल सोनी, विकाश ठाकुर, दीपक धनकर, योगेश चंद्राकर, पार्षद पुनेद्र पाध्याय, पार्षद पंचराम, धन्नु निर्मलकर इत्यादि बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

स्कूल में प्रधान पाठक सीमा को दी गई विदाई



पलारी। शासकीय प्राथमिक शाला गितकेरा में विगत दिनों के प्रधान पाठक सीमा वर्मा के स्थानांतरण होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि सीमा वर्मा और सेवानिवृत प्रधान पाठक शत्रुघ्न वर्मा, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष परस राम ध्रुव द्वारा दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुई। इसके बाद छात्रों ने विदाई गीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। प्रमोद कुमार साहू ने प्रधान पाठक के 4 वर्षों के अमूल्य सेवाकाल और शिक्षण के प्रति उनके समर्पण की सराहना की। तो विजय कुमार साहू ने अनुशासित जीवन और उनके सरल स्वभाव की प्रशंसा करते हुए उन्हें विद्यालय का एक मजबूत स्तंभ बताया। विद्यालय प्रबंधन और छात्रों की ओर से उन्हें स्मृति चिह्न, शॉल, श्रीफल और उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। उक्त अवसर पर बलकरण वर्मा , दुर्गा वर्मा, अमीषा, जनक राम वर्मा, मंत राम वर्मा, लिलेश्वरी वर्मा, शशि बाई, खिलेश्वरी, लीला यादव, शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

डबल इंजन सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध : मिली बनर्जी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

'सेवा पखवाड़ा' के तहत महिलाओं का सम्मान, गोदभराई और मुनगा पौधारोपण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर चल रहे सेवा पखवाड़ा दिवस के अंतर्गत नगर पलारी के आंगनबाड़ी केंद्र में आंगन का मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता माँ सरस्वती की छायाचित्र पर पूजार्चना कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया जिसमें मुख्य अतिथि जिला प्रभारी महिला मोर्चा मिली बेनर्जी ने कहा कि डबल ईजन की सरकार केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भाजपा सरकार महिला सशक्तिकरण और उनके सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। महिलाओं के आत्मसम्मान और उत्थान के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही हैं जिसमें महिलाओं को महतारी वंदन का १ हजार रूपये प्रति माह दिया जा रहा है प्रसव से लेकर माता एवं शिशु का देखभाल सरकार लगातार करता आ रहा हैं केंद्र व राज्य की सरकार हमेशा महिला सुरक्षा व नारी उत्थान में काम कर रहा है। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के लिए नेवता भोज का आयोजन किया गया।आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं का श्रीफल व सम्मान पत्र देकर सम्मान किया गया।महिलाओं व बच्चों के लिए रंगोली एवं मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।कुर्सी दौड़ बिस्किट प्रतियोगिता कराया गया गांव की एक दीदी ने अपने बच्चों के बड़े हो जाने के पश्चात अपने बच्चों की खिलौने को आँगनबाड़ी में दान किया।



गोदभराई एवं अन्नप्राशन

इस अवसर पर भाजपा वरिष्ठ नेता विपिन बिहारी वर्मा, अध्यक्ष जनपद पंचायत पलारी सविता भीम यादव, प्रदेश जिला सह प्रभारी महिला मोर्चा विद्या पांडे, जिला उपाध्यक्ष नंदकुमार वर्मा, जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा सुनीता वर्मा, अध्यक्ष भाजपा मंडल पलारी पवन वर्मा, वरिष्ठ नेता इन्द्रदेव वर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा मंजू वर्मा, जिला उपाध्यक्ष नीलम सोनी, जिला महामंत्री निर्मला रजक ,अध्यक्ष महिला मोर्चा संतोषी मानिकपुरी, पूर्व अध्यक्ष युवा मोर्चा सनकुमार, टुकेश्वरी वर्मा, पार्षद राधा वर्मा, खेलन बाई वर्मा, लता टंडन, परियोजना अधिकारी नीरज सिंह ठाकुर, सुपरवाइजर स्वेता राते, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका सहित मात्रि शक्ति उपस्थित रहे।

आयोजन : बिलाईगढ़ कॉलेज में गांधी एवं शास्त्री जयंती पर विविध हुआ कार्यक्रम

महापुरुषों के विचार आज भी प्रासंगिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

शासकीय शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय, बिलाईगढ़ में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) इकाई द्वारा महाविद्यालय परिसर तथा आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। विद्यार्थियों ने स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश देते हुए परिसर की साफ-सफाई की तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण बनाए रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों की सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से "गांधीजी के स्वदेशी एवं आत्मनिर्भरता के विचार से विकसित भारत 2047 के लक्ष्य तक" विषय पर भाषण प्रतियोगिता तथा "युवा पीढ़ी एवं गांधी जी के आदर्श : चुनौतियां एवं संभावनाएं" विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय के विभिन्न संकायों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्राचार्य डॉ. उमाकांत मिश्र ने कहा कि गांधीजी का सत्य, अहिंसा, स्वदेशी, स्वच्छता और आत्मनिर्भरता का विचार आज भी उतना ही प्रासंगिक है। वहीं लाल बहादुर शास्त्री का सादगीपूर्ण जीवन, ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और देश के प्रति समर्पण युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है।

भाषण प्रतियोगिता में अमन राकेश, एमएससी वनस्पति शास्त्र ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि ब्यास नारायण महिलांगे, एमए भूगोल द्वितीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम का संचालन पंकज साहू, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन उमाशंकर भारद्वाज, सहायक प्राध्यापक, भौतिकी ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण सुश्री अन्नू केवरा, रंगनाथ यादव, डॉ. सुमन लता राठौर, लेविस कुमार, गौरव शुक्ला एवं नयना निराला सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



ग्राम दशरमा में विशेष ग्रामसभा विकास कार्यों के प्रस्ताव पारित



रिसदा। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर ग्राम पंचायत दशरमा के सभा हॉल में विशेष ग्रामसभा आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत महापुरुषों के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई।ग्रामसभा में गांव के विकास और जनकल्याण से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा कर प्रस्ताव पारित किए गए। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अपूर्ण आवासों का निर्माण शीघ्र पूरा कराने, जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा तथा गांव में विशेष स्वच्छता अभियान चलाने पर सहमति बनी। मुक्तिधाम की नियमित साफ-सफाई एवं रखरखाव, सड़कों पर घूमने वाले बेसहारा पशुओं के प्रबंधन तथा दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए आवश्यक कदम उठाने पर भी चर्चा हुई। इसके अलावा ग्रामीणों की सुविधा के लिए नई नालियों और सीसी सड़कों के निर्माण का प्रस्ताव तैयार किया गया। ग्रामसभा में सरपंच मधु नीलकंठ साहू, जनपद सदस्य जगमोहन घृतलहरे, उपसरपंच मोहन पैकरा, पंच शिवदयाल यदु, हरदयाल साहू, बाबूलाल घृतलहरे, लक्ष्मीकांत घृतलहरे, हीरासिंह पैकरा तथा पंचायत सचिव संगीता मिश्रा सहित पंचायत पदाधिकारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्रामवासियों ने पंचायत को आदर्श एवं प्रगतिशील बनाने का संकल्प लिया।

खेलकूद प्रतियोगिता सांवरिया ग्रुप सालखंड प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भटगांव

गांधी जयंती के अवसर पर ग्राम पंचायत जोरा का स्कूल चौक में रात्रिकालीन डांस प्रतियोगिता और खेलकूद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजकों के अनुसार इस कार्यक्रम को देखने के लिए आसपास के गांवों से लगभग हजारों दर्शकों की भीड़ उमड़ी, जिसने पूरे आयोजन को यादगार बना दिया। पिछले 6-7 वर्षों से वे लगातार गांव में इस तरह की सांस्कृतिक और खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए निस्वार्थ भाव से प्रयासरत हैं। उनकी यही लगन और सक्रियता अब जोरा में एक परंपरा बन गई है। 2 अक्टूबर 2026 को रात 9 बजे से डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता को तीन भागों में बांटा गया था ताकि हर वर्ग के कलाकार को मौका मिल सके - ग्रुप डांस, एकल/युगल डांस और केवल जोरा गांव के प्रतिभागियों के लिए विशेष प्रतियोगिता। पुरस्कार भी आकर्षक रखे गए थे, ताकि बच्चों और युवाओं में उत्साह बना रहे। ग्रुप डांस में प्रथम पुरस्कार 4000 रुपये, द्वितीय 3000 रुपये, तृतीय 2000 रुपये और चतुर्थ पुरस्कार 1000 रुपये रखा गया था। वहीं एकल/युगल वर्ग में प्रथम पुरस्कार 1500, द्वितीय 1000 और तृतीय 500 रुपये रखा गया। गांव के लिए विशेष वर्ग में भी 1500, 1000 और 500 रुपये के पुरस्कार रखे गए थे। वहीं इस कार्यक्रम में प्रथम सांवरिया ग्रुप सालखंड दूसरा आंचल ग्रुप देवर बोर्ड तीसरा कोमल डांस ग्रुप घाना चौथे स्थान पर रॉयल डांस ग्रुप छिर्रा शामिल रहे। इस आयोजन की सबसे बड़ी खासियत यह रही कि यह केवल डांस तक सीमित नहीं था। बच्चों और युवाओं की शारीरिक प्रतिभा को निखारने के लिए खेल प्रतियोगिताओं का भी समावेश किया गया था। कार्यक्रम में बालक-बालिका जलेबी दौड़, मटका फोड़ और बालक-बालिका कुर्सी दौड़ जैसी रोचक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।



कुर्मी समाज ने चलाया स्वच्छता अभियान

बलौदाबाजार। छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज नगर इकाई बलौदाबाजार द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर कुर्मी मंगल भवन परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय अध्यक्ष खोड़स राम कश्यप ने गांधीजी एवं शास्त्रीजी के जीवन और विचारों पर प्रकाश डालते हुए स्वच्छ वातावरण बनाए रखने तथा सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने का संकल्प दिलाया। वरिष्ठ नागरिक जामवंत वर्मा ने गांधीजी के स्वच्छता एवं स्वच्छ समाज के संदेश के साथ शास्त्रीजी के सादगी, अनुशासन और राष्ट्रसेवा के आदर्शों को याद किया। प्रथम सत्र में पतंजलि भारत स्वाभिमान न्यास के जिला अध्यक्ष एवं नगर अध्यक्ष हेमंत टिकरिहा ने योग, सूक्ष्म व्यायाम, विभिन्न आसन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। अभियान में समाज के पदाधिकारियों, सदस्यों एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के समापन पर दिवंगत शत्रुहन लाल बघेल, अनीता वर्मा एवं खोरबाहरा राम वर्मा को श्रद्धांजलि दी गई। आभार छात्रावास प्रभारी गणेश बघमार ने व्यक्त किया। इस अवसर पर नरसिंह वर्मा, ताराचंद धुरंधर, मोहन वर्मा, महेश वर्मा, भीनेश्वर वर्मा, रूपेंद्र वर्मा, माखन वर्मा सहित समाज के पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



महिलाओं ने फुगड़ी, कुर्सी दौड़ और जनउला प्रतियोगिताओं में दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

साहू समाज की मातृ शक्तियों द्वारा तीजा मिलन समारोह का आयोजन उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में समाज की बड़ी संख्या में महिलाओं ने सहभागिता कर तीज पर्व की खुशियां साझा कीं। इस दौरान विभिन्न पारंपरिक, सांस्कृतिक एवं मनोरंजक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में कुर्सी दौड़, चम्मच दौड़, बिंदी लगाओ, रिंग डालो, तत्काल भाषण, गुब्बारा खेल, बिस्किट गेम, जनउला, फुगड़ी एवं जलेबी दौड़ जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्रतिभागियों ने उत्साह और आत्मविश्वास के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं के समापन पर विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम ने महिलाओं को एक मंच पर जोड़ने के साथ आपसी प्रेम, भाईचारा, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक परंपराओं को मजबूत करने का संदेश दिया। उपस्थित मातृ शक्तियों ने आयोजन की सराहना करते हुए आयोजकों को बधाई दी। इस अवसर पर जिला साहू संघ अध्यक्ष सुनील साहू, उपाध्यक्ष राजाराम साहू, संध्या साहू, संगठन सचिव सुशील साहू, महासचिव रवि साहू, न्याय प्रकोष्ठ संयोजक सुरेंद्र साहू, तहसील अध्यक्ष पारसमणी साहू, बीपी साहू, नगर भाटापारा परिक्षेत्र अध्यक्ष राजेश साहू, भरसेला परिक्षेत्र अध्यक्ष खिलावन साहू सहित समाज के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। आयोजन की सफलता में आशा साहू, योगेश्वरी साहू, चंद्रकांता साहू, मंजू साहू, प्रतिमा साहू, गीता साहू, बिन्धेश्वरी साहू, राधिका साहू, दीपा साहू, शीशा साहू, शिवमति साहू, दरसपुरन साहू एवं रूखमणी साहू का विशेष योगदान रहा।





चित्रकला और भाषण में तिल्दा लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम, रायपुर में आयोजित जिला स्तरीय 'सेवा संकल्प अभियान-मेरे सपनों का भारत' कार्यक्रम में तिल्दा विकासखंड के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विभिन्न वर्गों में प्रथम स्थान प्राप्त कर विकासखंड का नाम गौरवान्वित किया।प्रतियोगिता के प्राथमिक स्तर चित्रकला में सुरभि वर्मा, अंश पब्लिक स्कूल गैतरा, मिडिल स्तर चित्रकला में मानव चक्रधारी, मिडिल स्कूल भिंभौरी तथा हाई स्कूल स्तर चित्रकला में विभा चक्रधारी, हाई स्कूल भिंभौरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं भाषण प्रतियोगिता में जयश्री वर्मा, हाई स्कूल निनवा ने प्रथम स्थान हासिल कर तिल्दा विकासखंड का गौरव बढ़ाया।





इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक टिकेश साहू, केके ध्रुव (बाबू), नरोत्तम ध्रुव, चित्रसेन वर्मा, लेखराज सोनी, तुलसी राम साहू, हिमांचल चौबे, रामकरण वर्मा, सालिक राम वर्मा, कमलेश वर्मा, कौशल वर्मा, ललित वर्मा, विक्रांत पैकरा, टीपी वर्मा, योगेश साहू सहित पालक-शिक्षकगण उपस्थित रहे। तिल्दा विकासखंड के विद्यार्थियों की इस शानदार उपलब्धि पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया के प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा ने सभी विजेता विद्यार्थियों, उनके शिक्षकों, पालकों एवं विकासखंड की पूरी टीम को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता उनकी प्रतिभा, मेहनत और शिक्षकों एवं पालकों के मार्गदर्शन का परिणाम है ।

पेज 9 के शेष

32 लाख के विकास ...

अध्यक्ष, जनपद सदस्य, सरपंच, पंच, बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। शिविर में सैकड़ों हितग्राहियों को शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से नवीन राशन कार्ड,आयुष्मान कार्ड एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के स्वीकृति प्रमाण पत्र का वितरण अतिथियों के हाथों किया गया। प्रमाण पत्र पाकर हितग्राहियों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली।

रिफॉर्म उत्सव से...

योजना अभियान 'सबकी योजना, सबका विकास' के साथ जोड़ा गया है। इसकी शुरुआत 2 अक्टूबर से ग्राम सभाओं के माध्यम से की गई है। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों एवं ग्राम पंचायतों को वाटरशेड विकास की उपलब्धियों, योजनाओं और सुधारों की जानकारी दी जाएगी। पिछले 12 वर्षों में बेहतर प्रावधान, शीघ्र कार्य, उन्नत कृषि उपकरण, गुणवत्तापूर्ण बीज एवं पौधों के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने सहित कई सुधार किए गए हैं। कृषि विभाग ने फील्ड स्तर के अमले को सक्रिय करते हुए अधिकतम जनभागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया है। 'रिफॉर्म उत्सव' के माध्यम से सुधारों को फाइलों से निकालकर जमीनी स्तर तक पहुंचाने और वाटरशेड विकास को जनआंदोलन का स्वरूप देने का प्रयास किया जा रहा है।

बाइक चोर गिरोह...

छिपाने और उन्हें बेचने में यश साहू की भूमिका सामने आई है। पुलिस के अनुसार बरामद वाहनों की कुल कीमत करीब 1.80 लाख है। मामले में दोनों गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध बीएनएस की धारा 303(2), 317(2), 3(5) के तहत कार्रवाई की गई है।

दोनों आरोपियों को 2 अक्टूबर 2026 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की गई। फरार आरोपी की तलाश में पुलिस टीम लगातार जुटी हुई है।

आईपीएल की तर्ज ...

सौरभ और मुकेश बंजारे सहित कई चर्चित खिलाड़ी अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। आयोजन समिति ने खेल प्रेमियों और क्षेत्रवासियों से बड़ी संख्या में पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है। समिति के अनुसार प्रतियोगिता का उद्देश्य ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच देने के साथ युवाओं को खेल से जोड़ना है।

आकार ले रहीं मां दुर्गा की प्रतिमाएं...

गिधौरी। धर्म एवं अध्यात्म की शिवरीनारायण सहित पूरे भारतवर्ष में नवरात्रि का पावन पर्व 11 अक्टूबर से शुरू होने जा रहा है। इसे लेकर शिवरीनारायण नगर में मां दुर्गा की प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने का काम तेजी से चल रहा है। नगर में तीन स्थानीय और तीन बंगाली मूर्तिकार आकर्षक प्रतिमाओं का निर्माण कर रहे हैं। धार्मिक एवं व्यापारिक नगरी शिवरीनारायण में आसपास के करीब 50 किलोमीटर क्षेत्र से दुर्गा उत्सव समितियां प्रतिमाएं लेने पहुंचती हैं। श्रद्धालुओं में शबरी नारायण धाम से प्रतिमा ले जाना पुण्य का कार्य माना जाता है। स्थानीय मूर्तिकार लखन कुंभकार पिछले 25 वर्षों से अपने दोनों बेटों धनेश और बसंत कुंभकार के साथ प्रतिमा निर्माण कर रहे हैं। वहीं बिलाईगढ़ के रामेश्वर कुंभकार पहली बार यहां प्रतिमाएं गढ़ रहे हैं। पश्चिम बंगाल के पवन पाल, मनीमोहन पाल तथा स्थानीय टुंड्रा क्षेत्र के देवांगन भी प्रतिमा निर्माण में जुटे हैं। वही शिवरीनारायण नगर के ही डॉक्टर विश्वाश स्थानीय सहयोगियों के साथ आकर्षक प्रतिमा तैयार किए है। मूर्तिकारों को इस वर्ष भी अच्छे कारोबार की उम्मीद है। नवरात्रि नजदीक आने के साथ प्रतिमाओं को अंतिम आकार देने का काम तेज हो गया है।





खबर संक्षेप



निशुल्क शिक्षा से ग्रामीण बच्चों का भविष्य संवार रहे कृष्ण माणिकपुरी

खरोरा। आरंग विकासखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में श्री कृष्ण माणिकपुरी लंबे समय से बच्चों को निःशुल्क एवं निःस्वार्थ शिक्षा और मार्गदर्शन दे रहे हैं। वे प्राथमिक से लेकर हायर सेकेंडरी स्तर के विद्यार्थियों को पढ़ाने के साथ उनके सर्वांगीण विकास पर भी ध्यान देते हैं। सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को वे पाठ्यक्रम की शिक्षा के साथ नैतिक एवं शारीरिक शिक्षा, संगीत-नृत्य, लेखन, चित्रकला और करियर मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। साथ ही माता-पिता के सम्मान तथा समाज और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारियों के प्रति भी जागरूक करते हैं। उनका उद्देश्य बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन, रचनात्मकता और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है। ग्रामीण विद्यार्थियों के बीच शिक्षा की अलख जगाने के उनके प्रयासों को विभिन्न राज्य स्तरीय, सामाजिक और सांस्कृतिक मंचों से सम्मान भी मिल चुका है। व्यक्तिगत चुनौतियों और करियर की तैयारी के बावजूद उनका निःशुल्क शिक्षण कार्य निरंतर जारी है। आरंग विकासखंड के विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थी उनके मार्गदर्शन से लाभान्वित हो रहे हैं। उनकी यह निःस्वार्थ शैक्षिक सेवा विद्यार्थियों और अभिभावकों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनी हुई है।

पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए गौतम लाल सम्मानित

कसडोल। ग्राम सेमरिया निवासी युवा पत्रकार गौतम लाल साहू, पिता विश्वनाथ साहू को पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए युवा सम्मान से सम्मानित किया गया। रायपुर में आयोजित



सेवा संकल्प युवा सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने उन्हें सम्मान प्रदान किया। ग्रामीण अंचल से आने वाले गौतम ने समाचार संकलन, लेखन एवं समसामयिक विषयों को जनसामान्य तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाई है। सम्मान को उन्होंने माता-पिता, गुरुजनों, वरिष्ठों और परिवार के सहयोग का परिणाम बताया। उन्होंने भविष्य में भी पूरी जिम्मेदारी और ईमानदारी से पत्रकारिता करने की बात कही।

00: आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के योगदान को किया गया सम्मानित

बच्चों का भविष्य योजनाओं से नहीं संवेदनशील बनता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



सेवा, सहभागिता और सामाजिक सरोकार की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत संजय वार्ड एवं शंकर वार्ड के संयुक्त तत्वावधान में आंगनबाड़ी मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन पुत्री शाला स्कूल परिसर में किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद भाटापारा के अध्यक्ष अश्वनी शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य, प्रारंभिक शिक्षा, संस्कार एवं समग्र विकास के लिए किए जा रहे कार्यों पर विस्तार से चर्चा हुई।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता समाज के सबसे महत्वपूर्ण वर्गों में से एक, अर्थात बच्चों और माताओं के साथ निरंतर संपर्क में रहकर पोषण, स्वास्थ्य, स्वच्छता, प्रारंभिक शिक्षा एवं जागरूकता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि, "बच्चों का भविष्य केवल योजनाओं से नहीं, बल्कि समाज की संवेदनशील सहभागिता से मजबूत होता है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हमारे नौनिहालों के जीवन के उस महत्वपूर्ण पड़ाव पर कार्य करती हैं, जहां पोषण के साथ संस्कार, स्वास्थ्य और सीखने की पहली नींव तैयार होती है। इसलिए उनका कार्य केवल एक विभागीय जिम्मेदारी नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ी के निर्माण से जुड़ा सामाजिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि "सेवा संकल्प अभियान का मूल उद्देश्य यही है कि सेवा को केवल किसी एक अवसर तक सीमित न रखा जाए, बल्कि उसे समाज के व्यवहार और संस्कार का हिस्सा बनाया जाए। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ यह आत्मीय मिलन इसी सोच का एक प्रयास है। जब जनप्रतिनिधि, नागरिक और सेवा से जुड़े कार्यकर्ता एक साथ मिलकर काम करते हैं, तो उसका सीधा लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति और विशेषकर हमारे बच्चों तक पहुंचता है।

उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों और उनके परिवारों के बीच निरंतर कार्य करना एक जिम्मेदारी के साथ-साथ संवेदनशील सेवा भी है। कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़िया, सभापति मनीष मिश्रा, पार्षद नंदू वैष्णव, श्रेणिक गोलछा, सुशीला सोनी एवं वार्डवासी मौजूद रहे। अंत में उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यों को निरंतर आगे ब की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

सेवा संकल्प में जुटे भाजपाई, गार्डन में किया श्रमदान

कसडोल। गांधी जयंती के पावन अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के तहत भाजपा मंडल कसडोल एवं नगर पंचायत के संयुक्त तत्वाधान में शुक्रवार को नगर स्थित गार्डन परिसर में स्वच्छता एवं साफ-सफाई अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान जनप्रतिनिधियों, भाजपा मंडल के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने श्रमदान करते हुए गार्डन परिसर एवं आसपास के क्षेत्र की सफाई की। इस दौरान स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित नगर निर्माण का संदेश दिया गया। अभियान में नगर पंचायत अध्यक्ष नागेश्वर साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं नगर पंचायत उपाध्यक्ष डॉ. सुदीप मानिकपुरी, पार्षद एवं पिछड़ा वर्ग मोर्चा महामंत्री भानुप्रताप साहू, पार्षद एवं मंडल सोशल मीडिया प्रभारी सुंदर साहू, पार्षद एवं महिला मोर्चा महामंत्री श्रीमती भगवती साहू, सभापति रामा धीवर, पार्षद श्रीमती चन्द्रिका वैष्णव, विमल वैष्णव सहित नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



स्वच्छता के लिए सामूहिक भागीदारी पर जोर

भाजपा मण्डल अध्यक्ष डॉ सुदीप मानिकपुरी ने कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन या किसी विशेष अभियान तक सीमित रहने वाला कार्य नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने के साथ-साथ लोगों को भी अपने आसपास साफ-सफाई बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। अभियान के दौरान "सेवा ही संगठन की पहचान है" का संदेश देते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष नागेश्वर साहू ने कहा कि स्वच्छ और सुंदर नगर के निर्माण में जनभागीदारी सबसे महत्वपूर्ण है। नियमित स्वच्छता, कचरे का उचित निपटान और सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई के प्रति जागरूकता से ही स्वस्थ एवं बेहतर वातावरण तैयार किया जा सकता है।

स्वच्छता केवल बाहरी नहीं, विचारों की शुद्धता भी: प्राचार्य

खरोरा। स्व. रामप्रसाद देवांगन शासकीय महाविद्यालय, खरोरा में 'युवा फॉर स्वच्छता' एवं 'सेवा संकल्प अभियान' के परिप्रेक्ष्य में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में श्रमदान एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य आरके साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वच्छता केवल बाहरी परिवेश तक सीमित नहीं है, बल्कि विचारों एवं आचरण की शुद्धता भी इसका अभिन्न अंग है। जब युवा स्वच्छता को अपने जीवन का संकल्प बना लेते हैं, तब वे राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।'युवा फॉर स्वच्छता' अभियान की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि सप्ताह में दो घंटे का श्रमदान स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ राष्ट्र के प्रति हमारे दायित्वबोध एवं सामाजिक सहभागिता का प्रतीक है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ बाल्मीकि साहू ने स्वच्छता के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि ऊर्जा के स्वामी हैं। उन्होंने समाज और राष्ट्र की प्रगति में तत्पर रहने आह्वान किया। तालाब, बाजार, चौक, नलकूप के आसपास की सफाई करने प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक श्रमदान किया तथा पूरे महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान विद्यार्थियों ने स्वच्छ एवं सुंदर परिसर के निर्माण के साथ-साथ स्वच्छता के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया। श्रमदान के उपरांत प्राचार्य श्री आर. के. साहू ने उपस्थित प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों को स्वच्छता बनाए रखने तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक भगवती प्रसाद साहू, अंशु ध्रुव, डॉ. कोमल प्रसाद, डॉ. माधवी पंड्या एवं तरी त्रिपाठी सहित समस्त छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वच्छता, श्रम की गरिमा, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं राष्ट्रसेवा की भावना को प्रोत्साहित करना था।




पुरान में चला स्वच्छता अभियान

भरूवाडीह। राष्ट्रपिता महात्यमा गांधी और देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर ग्राम पंचायत ठेलकी-पुरान की मातृशक्ति महिला समूह के साथ मिलकर उन्हें प्रोत्साहित करने सत्या वर्मा और श्रीराम यादव ने सबसे पहले डिस्पोजल गिलास और पानी पाऊच से अटे में पड़े सार्वजनिक तालाबों की सफाई की तत्पश्चात निस्तारी नाला, कुआं और नल-जल जैसे अन्य दैनिक उपयोगी सभी सार्वजनिक स्थलों की प्राथमिकता से सफाई कर जनमानस को स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया।



शतरंज और कैरम में विद्यार्थियों ने दिखाया प्रतिभा का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

मॉडर्न इंग्लिश स्कूल में खेल प्रतियोगिताओं का सफलतापूर्वक आयोजन हुआ। खेल सहभागी गतिविधियों के अंतर्गत प्रतियोगिताओं की श्रृंखला में शतरंज प्रतियोगिता के अंतर्गत कक्षा 3री से 5वीं बालक वर्ग में सार्थक सोनी कक्षा 4थी मार्वेलस सदन ने प्रथम और देवांश शर्मा कक्षा 5वीं जीनियस सदन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

जबकि बालिका वर्ग में अलका टंडन कक्षा 5वीं जीनियस सदन ने प्रथम, लशिका पुरोहित कक्षा 5वीं मार्वेलस सदन ने द्वितीय स्थान हासिल किया। कक्षा 6वीं से 8वीं बालक वर्ग में लाभान्श यदु कक्षा 8वीं मार्वेलस सदन ने प्रथम, रजत साहू कक्षा 8वीं जीनियस सदन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में दिव्यांशी साहू कक्षा 6वीं फैंटास्टिक सदन ने प्रथम, मान्या साहू कक्षा 8वीं जीनियस सदन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कैरम प्रतियोगिता के तहत कक्षा 3री से 5वीं बालक वर्ग में आदित्य साहू व सूर्यांश सिन्हा कक्षा 5वीं मार्वेलस सदन से विजेता रहे तथा हिमेश कंवर कक्षा 3री व धीरज कुमार साहू कक्षा 5वीं ब्रिलियंट सदन से उपविजेता रहे। बालिका वर्ग में आर्या गुप्ता कक्षा 5वीं व अंशिका सिंह कक्षा 4थी ब्रिलियंट सदन से विजेता रही तथा माही शर्मा कक्षा 5वीं व साक्षी वर्मा कक्षा 5वीं मार्वेलस सदन से उपविजेता बने। इन प्रतियोगिताओ को सफल बनाने में खेल शिक्षिका श्वेता मिश्रा व शाला परिवार का सहयोग रहा। सभी विजेताओं को शाला परिवार एवं प्रधानाचार्या की ओर से उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई।



निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीणों और दिव्यांगजनों की हुई जांच

रक्तदाता व से दिव्यांगजन-समाजसेवी सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाहोद

महर्षि अष्टावक्र जयंती के अवसर पर 4 अक्टूबर को अटल समरसता भवन, लाहोद में सक्षम जिला इकाई बलौदाबाजार, रक्तदाता समूह एवं श्री गुरुजी सेवा समिति के संयुक्त सहयोग से सम्मान समारोह एवं निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 30 से अधिक रक्तदाताओं तथा 25 से अधिक दिव्यांगजनों एवं समाजसेवियों को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। शिविर में 40 से अधिक दिव्यांगजनों सहित 100 से अधिक ग्रामीणों एवं समाजसेवियों ने सहभागिता की। इस दौरान शुगर, रक्तचाप, नेत्र एवं दंत परीक्षण की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध कराई गई। दिव्यांगजनों से संवाद कर उनकी समस्याओं, अधिकारों एवं उनके समाधान के संबंध में भी चर्चा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला चिकित्सालय बलौदाबाजार के अधीक्षक डॉ. अशोक वर्मा तथा अध्यक्ष सक्षम के जिला अध्यक्ष डॉ. निशांत बाजपेयी रहे। अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में गुरुजी सेवा समिति के अध्यक्ष खोड़स राम कश्यप रहे। डॉ. रोहित बाजपेयी, डॉ. रामकुमार साहू, डॉ. आस्था बाजपेयी, सत्यम मिश्र, डॉ. बलराम श्रीवास, डॉ. उमाशंकर वर्मा, नीरज बाजपेयी सहित अन्य गणमान्य नागरिकों ने भी सहभागिता की।



100 से अधिक ग्रामीणों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण

ग्राम लाहोद के सरपंच किशोर साहू एवं पंचगण की भी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव नूतन कुमार सेन एवं जिला उपाध्यक्ष अमित यादव ने किया। रक्तदाता समूह की टीम ने आयोजन की व्यवस्थाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर सक्षम के जिला सचिव कोमल कांत यादव, महिला आयाम प्रमुख शशिप्रभा वर्मा, युवा आयाम प्रमुख सौरभ ध्रुव, कला आयाम प्रमुख पुष्पा निषाद, रोजगार आयाम प्रमुख सती वर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। आयोजकों ने सभी अतिथियों, रक्तदाताओं, दिव्यांगजनों एवं ग्रामवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया।



